

## एक नजर में

### निर्मल सेन प्रथम क्षेणी में उत्तीर्ण

**नीमच।** ग्राम दुदरसी के प्रतिभावान छात्र निर्मल सेन पिता दिनेश सेन शा.मा.विद्यालय दुदरसी जिला नीमच द्वारा मध्यप्रदेश शिक्षा मंडल की कक्षा 8 वीं बोर्ड 2026 में कुल 600 अंक में से 533 अंको के साथ 89% अंक प्राप्त किये साथ ही सभी विषयों में विशेष योग्यता हासिल की है। निर्मल सेन एक छोटे से ग्राम दुदरसी के प्रतिभावान छात्र है जो सदैव अपना अधिकतम समय किताबो में व्यतीत करते है। निर्मल सेन की इस उपलब्धि पर शाला के सभी शिक्षकगणों ,ग्रामवासियों एवं परिवारजानो ने उनके उज्जबल भविष्य की कामना की है।

### अग्रवाल समाज की जनगणना पुस्तिका का विमोचन आज

**नीमच।** अग्रवाल समाज नीमच द्वारा नीमच में निवासरत अग्रवाल परिवारों व सदस्यों की संख्या सहित पारिवारिक जानकारी संग्रहित कर प्रत्येक परिवार तक पहुंचाने के उद्देश्य से गत दिनों नीमच में निवासरत अग्रवाल परिवारों की जनगणना करवाई गई थी। जनगणना की उक्त संग्रहित जानकारी को एक आकर्षक जनगणना पुस्तिका के रूप में सज्जित किया गया है। उक्त जनगणना पुस्तिका का विमोचन समारोह 29 मार्च को सायंकाल 7 :00 बजे अग्रवाल पंचायत भवन बारादरी नीमच में रखा गया है। उक्त जानकारी देते हुए अग्रवाल समाज नीमच के अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश बंसल, सचिव श्री अशोक मंगल एवं आयोजन संयोजक श्री अशोक अग्रवाल ( एलआईसी ) ने बताया कि अग्रवाल समाज की जनगणना पुस्तिका का विमोचन अग्रवाल समाज के समस्त पदाधिकारीयों, समाज के प्रबुद्ध जनों, जनगणना पुस्तिका के सहयोगियों, अग्रवाल समाज से जुड़े क्लबो के प्रमुख पदाधिकारीयों की विशेष उपस्थिति में समारोह पूर्वक किया जाएगा।

### पं. रामचन्द्र देहलवी की जयंती मनाई

**नीमच।** आर्य समाज नीमच में दिनांक 27 मार्च चैत्र शुक्ल नवमी को मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम जन्मोत्सव एवं पं. रामचन्द्र देहलवी जी की 145वीं जयन्ती मनाई गई। इस अवसर पर आचार्य प्रेमसुख वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान राम हमारे जीवन के आदर्श हैं, हमें उनके मार्ग पर चलना चाहिए। तभी परिवार व समाज में एकता का स्वरूप दिखेगा। जब हम श्रीराम को मानते हैं, तो हमें राम की भी मानना चाहिए। आचार्य मनोज स्वर्णकार ने पं. रामचन्द्र जी देहलवी के जीवन वृतांत बताते हुए कहा कि पंडित जी का जन्म 1881 में श्रीराम नवमी के दिन स्वर्णकार समाज के वरिष्ठ परिवार में नीमच में हुआ था। वे बडे ही कुशाग्र बुद्धि के व्यक्ति थे। उन्हें कुरआन शरीफ कंठस्थ याद थी व बाईबील का भी अच्छा ज्ञान था। साथ ही वेदोक्त शास्त्रों के ज्ञान का भण्डार थे। उन्होंने आर्य समाज के प्रचारक के रूप में देश में अनेकों मौलवियों, पादरियों से धर्म के सम्बंध में शास्त्रार्थ कर वैदिक धर्म का प्रचार किया और हमेशा अपराजित रहकर आर्य विभूति, शास्त्रार्थ महारथी कहलाए। कार्यक्रम के प्रारंभ में विशेष वेद मंत्रों के साथ यज्ञ किया गया। शान्ति पाठ के पश्चात् प्रसाद वितरण किया गया।

### सेमड़ा गांव में खेत में लगी भीषण आग 35 बीघा में तैयार गेहूं जलकर खाक




**नीमच।** ग्राम दारू के सेमड़ा गांव में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब खेत में गेहूं इकट्ठा करने का काम कर रहे मजदूरों के बीच अचानक आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और आसपास के खेतों को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगते ही किसानों ने एकजुट होकर दवाई पंप ( स्प्रे ) के माध्यम से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तेज लपटों के आगे उनके प्रयास नाकाम साबित हुए। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। मौके पर दो दमकल वाहन पहुंचे, लेकिन तब तक करीब 35 बीघा गेहूं जलकर खाक हो चुका था। घटना की जानकारी मिलने पर तहसीलदार संतोष पटेल, पटवारी निर्मल धाकड़ और पटवारी सहायक राहुल मौके पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया। प्रशासन द्वारा आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है, वहीं प्रभावित किसानों को हुए नुकसान का आंकलन भी किया जा रहा है।

### निर्माणाधीन नर्सिंग कॉलेज के पास मजदूर युवक ने लगाई फांसी, पुलिस जांच जारी

**नीमच।** कैंट थाना क्षेत्र के कनावटी स्थित मेडिकल कॉलेज के समीप निर्माणाधीन नर्सिंग कॉलेज भवन में कार्यरत एक मजदूर युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान सलमान पिता जाकिर आलम (उम्र 18 वर्ष), निवासी बिहार के रूप में हुई है, जो यहां मजदूरी का काम करने आया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सलमान निर्माणाधीन नर्सिंग कॉलेज में लेंटर और सरिया बांधने का कार्य करता था तथा पास ही एक किराए के कमरे में रह रहा था। शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे वह अपने कमरे पर गया था। इसी दौरान अज्ञात कारणों के चलते उसने फांसी लगा ली। कुछ समय बाद उसके परिजनों के परिचित द्वारा पानी लेने के लिए कमरे पर भेजे गए व्यक्ति ने जब दरवाजा खोला तो सलमान को फंदे पर लटका हुआ पाया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही कैंट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच शुरू की। शनिवार को जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है और पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

### मंदसौर की गौरव आर्यिका समर्थश्री और सार्थक श्री माताजी का 11 वर्षों बाद अपनी जन्मभूमि पर प्रथम भव्य मंगल प्रवेश



**मंदसौर।** दशपुर नगरी के नाम से विख्यात धर्मधरा पर नगर की गौरव और दिगम्बर जैन समाज की लाडली बेटियां, जिन्होंने सांसारिक सुखों का त्याग कर वैराग्य की राह चुनी, वे अब पूर्ण संयम और साधना के साथ अपनी जन्मभूमि पर कदम रखेंगी। परम पूज्य गणाचार्य 108 विराग सागर महाराज एवं पट्टाचार्य 108 विशुद्ध सागर महाराज की आज्ञानुवर्ती शिष्या आर्यिका 105 समर्थश्री माताजी एवं आर्यिका 105 श्री सार्थक श्री माताजी का भव्य मंगल प्रवेश आगामी 5 अप्रैल 2026 को होने जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए डॉ. एस.एम. जैन ने बताया कि इस आगमन की सबसे विशेष और भावुक करने वाली बात यह है कि दीक्षा ग्रहण करने के पश्चात माताजी द्वय पूरे 11 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद पहली बार अपनी जन्मभूमि मंदसौर पधार रही हैं। अपनी ही माटी की बेटियों को एक उच्च साधिका और तपस्विनी के रूप में देखने के लिए पूरे नगर में अपार उत्साह व्याप्त है। दिगम्बर जैन समाज ने इस मंगल प्रवेश को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। श्रद्धालुओं द्वारा पलक-पाव? बिछाकर उनकी अगवानी की जाएगी। डॉ. जैन ने बताया कि यह भव्य मंगल प्रवेश प्रातः 8 बजे आयोजित होगा, जिसमें ब?ी संख्या में स्थानीय एवं बाहरी क्षेत्रों से श्रद्धालु सम्मिलित होंगे। 11 साल बाद अपनी जन्मभूमि पर माताजी का प्रथम आगमन केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि पूरे मंदसौर नगर के लिए गौरव और सौभाग्य का प्रतीक है।

# किसान रसायन मुक्त खेती कर स्वस्थ समाज निर्माण में दें योगदान : विजयवर्गीय

- नगरीय प्रशासन मंत्री ने किया जावद में प्रदर्शनी का उद्घाटन
- जीरों बजट कृषि पर आधारित चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ
- विधायक जावद सखलेचा की अनुकरणीय पहल






**नीमच।** जिले एवं प्रदेश के किसान भाई रसायन मुक्त, जीरो बजट की खेती को अपना कर, भावी पीढ़ी को स्वस्थ बनाने एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे। पद्मश्री सुभाष पालेकर जी ने कृषि क्षेत्र में अनेको प्रयोग कर जीरो बजट रसायन मुक्त कृषि पद्धति तैयार की है। इस कृषि पद्धति का उपयोग कर किसान भाई, जीरो बजट खेती करें।

यह बात प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने शनिवार को कृषि उपज मण्डी जावद में आयोजित जहर मुक्त जीरो बजट कृषि पर आधारित चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए कही। इस मौके पर विधायक श्री दिलीप सिह परिहार, जावद विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा, मुख्य वक्ता पद्मश्री श्री सुभाष पालेकर, जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खण्डेलवाल, नीमच न.पा.अध्यक्ष श्रीमती स्वाति चौपड़ा, पूर्व सांसद श्री सुभाष जी, पूर्व विधायक कटनी श्री कैलाश जी व अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

मंत्री विजयवर्गीय ने कहा, कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्राकृतिक खेती, जीरो बजट खेती की बात करते है। इन कृषि पद्धतियों से किसानों को कर्ज लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी। किसान भाई श्री सुभाष पालेकर जी की कृषि पद्धतियों को समझे और उन्हें अपनाए। देश को आत्मर्भिर बनाना है, कृषि क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर बनना है। श्री विजयवर्गीय ने कीटनाशक और रासायनिक उर्वरक को मानवता का दुश्मन बताया।

मुख्य वक्ता श्री सुभाष पालेकर ने अपने उदबोधन में कहा, कि मैं अपने जीवन में पहले विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा से मिला हूं जो जावद में नि:शुल्क कृषि पर आधारित प्रशिक्षण शिविर किसानों के लिए आयोजित कर रहे है। उन्होने कहा, कि मेरी कृषि पद्धति जैविक और प्राकृतिक नहीं है, उससे भिन्न है। उन्होने कहा, कि किसी भी पेड़ पौधे को जीवित रहने के लिए कीटनाशक और किसी भी प्रकार के खाद के भोजन की जरूरत नहीं होती है। उन्होने कहा, कि फसलों में रासायनिक उर्वरक का कतई उपयोग ना करें और ना ही कीटनाशक का। उन्होने किसानों से देशी बीज का उपयोग करने की बात कही। श्री पालेकर जी ने रासायनिक उर्वरकों व कीटनाशकों के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया।

विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने अपने अध्यक्षीय उदबोधन में कहा कि समय के साथ खेती का स्वरूप भी बदल रहा है। सोलर एनर्जी के मामले में जावद देश में अग्रणी है। उन्होने कहा, कि जावद के सरकारी स्कूल के 50 छात्र एम.बी.बी.एस. की पढ़ाई कर रहे है। शासकीय स्कूलों में जे.ई.ई.नीट की नि:शुल्क कोचिंग सुविधा के उक्त परिणाम मिले है। श्री सखलेचा ने कहा, कि इस प्रशिक्षण शिविर स्थल पर विभिन्न 16 विभागों की स्टाल एवं प्रदर्शनी लगी है। जावद क्षेत्र के 1500 विद्यार्थी आठ माह से ए.आई.की पढ़ाई कर रहे है। इनमें से 800 बच्चे कृषि में ए.आई.का उपयोग सीख रहे है। उन्होने कहा, कि सभी विभागों, कृषि वैज्ञानिकों और श्री सुभाष पालेकर जी के मार्गदर्शन से जावद क्षेत्र का किसान देश, प्रदेश का अग्रणी किसान बनेगा।

कार्यक्रम को विधायक नीमच श्री दिलीप सिह परिहार ने भी सम्बोधित करते हुए नीमच, जावद की गांधीसागर से प्रेशर युक्त सिंचाई योजना स्वीकृत होने की जानकारी दी। उन्होने कहा, कि इस सिंचाई योजना से क्षेत्र के हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचेगा। किसान खुशहाल होगा। प्रारंभ में अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक श्री सखलेचा ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.राजेश पाटीदार ने किया। इस मौके पर जावद न.प.अध्यक्ष श्री सोहनलाल माली, नीमच के पूर्व जनपद अध्यक्ष श्री उमरावसिह गुर्जर, श्री श्याम काबरा, श्री यशवंत बंजारा, श्री अशोक विक्रम सोनी, अर्जुन माली, श्री सचिन गौखरू, क्षेत्री की सभी न.प.के अध्यक्षगण, सरपंचगण, एडीएम श्री बी.एस.कलेश, डिप्टी कलेक्टर श्री पराग जैन, क्षेत्र के नगरीय निकायो के सभी सीएमओ व अन्य अधिकारी, कृषि, उद्यानिक, पशुपालन विभाग के अधिकारी, कृषि वैज्ञानिक एवं नीमच जिले व प्रदेश सहित 16 प्रदेशों से बडी संख्या में आए किसान बंधु उपस्थित थे।

## मालवीय समाज का 19वां सामूहिक विवाह सम्मेलन मंदसौर में होगा बुद्ध पूर्णिमा पर

**मंदसौर।** अखिल भारतीय मालवीय (बलाई) समाज महासंघ मध्य प्रदेश राजस्थान के तत्वाधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सभी समाज जनों के सहयोग और मार्गदर्शन में दिनांक 1 मई शुक्रवार को बुद्ध पूर्णिमा के शुभ अवसर पर 19 वा आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन मंदसौर जिला मुख्यालय पर आयोजित किया जा रहा है।

मंदसौर में आयोजित होने वाले सम्मेलन को सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न करने हेतु आयोजन समिति के द्वारा विभिन्न समितियां का गठन करने, जोडा पंजीयन करने ,सम्मेलन की आवश्यकता तैयारियों जैसे भोजन व्यवस्था, जल व्यवस्था, स्वागत सत्कार समिति,वैदी पंडाल की आवश्यक सामग्री क्रय करने वाली समिति का गठन करने को लेकर दिनांक 29 मार्च रविवार दोपहर 3 बजे से भगवान देवनारायण मंदिर गांव साबाखेड़ा, तहसील मंदसौर में सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के द्वारा दाल बाटी भोजन के साथ मालवीय समाज की एक विशाल बैठक का आयोजन किया जा रहा है।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए सम्मेलन समिति संयोजक सावन मकवाना, अध्यक्ष अर्जुन मालवीय ,सचिव अशोक मालवीय,कोषाध्यक्ष राधेश्याम देवडा आदि ने आप सभी मालवीय समाज जनों से विनम्र अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में गांव साबाखेडा में आयोजित बैठक में उपस्थित होकर अपने विवाह योग्य पुत्र पुत्री की शादी सामूहिक विवाह सम्मेलन में करवा कर अपने तन, मन ,धन के साथ समय की बचत करने की कृपा करें।

## सकल जैन समाज के तत्वावधान में शीतल पेयजल प्याऊ का उद्घाटन

- रातडिया परिवार लगातार सात वर्षो से कर रहा पुनित कार्य



**मंदसौर।** भगवान महवीर स्वामी जन्मकल्याणक महोत्सव के अंतर्गत दिनांक 28 मार्च 2026 शनिवार को दोपहर 2 बजे रातडिया परिवार के सौजन्य से सकल जैन समाज के तत्वावधान में नगर के खानपुरा क्षेत्र स्थित नायरा पेट्रोल पम्प पर भीषण गर्मी में आमजनों को राहत प्रदान करने हेतु शीतल पेय जल प्लाऊ का उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक विपिन जैन, सकल जैन समाज अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन, रतलाम रेडक्रास सोसायटी के अध्यक्ष प्रीतेश गादिया, प्रोफेसर अंकित जैन, सकल जैन समाज महामंत्री शेखर कासमा, कोषाध्यक्ष अनिल जैन, महिला प्रकोष्ठ महामंत्री विनाली मेहता, युवा प्रकोष्ठ के महामंत्री कमलेश कटारिया उपस्थित थे। उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत रातडिया परिवार एवं उपस्थित समाजजनों ने किया।

कार्यक्रम की शुरूआत नवकार महामंत्र के जाप से की गई। प्रारंभ में स्वागत उद्बोधन निर्विकार रातडिया ने देते हुए कहा कि हमारा सौभाग्य हैं कि जलसेवा करने का अवसर हमें प्रदान कर रहा है। मुझे लगाता है जल सेवा एक पुनित कार्य है और भगवान हमें यह कार्य करने की शक्ति प्रदान करता है। भगवान से यही प्रार्थना है कि आगे भी प्याऊ लगाने का यह क्रम निरंतर चलता रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक विपिन जैन ने कहा कि रातडिया परिवार लगातार सात वर्षो से प्याऊ लगाकर सराहनीय कार्य कर रहा है आपकी खूब -खूब अनुमोदना। सकल जैन समाज के अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन ने कहा कि जल सेवा करना सबसे बडा पुण्य माना गया और यह पुनित कार्य रातडिया परिवार विगत सात वर्षो से कर रहा है जो कि अनुमोदनीय कार्य है।

सभी अतिथियो एवं उपस्थित सम्मानीयजनों ने फीता काटकर प्लाऊ का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में रातडिया परिवार के अनुमोदनीय कार्य पर परिवार के प्रकाश रातडिया, कांतिलाल रातडिया और निर्विकार रातडिया का सम्मान सकल जैन समाज के प्रतिनिधियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर गजराज जैन, विनोद मेहता, अजीत नाहर, प्रताप कोठारी, जयेश डांगी, प्रतिक चंडालिया,नवीन सकलेचा, अक्षय मारू, राकेश दुग्ग?, प्र्णय धाक?, पियूष नलवाया, , कमलेश सालेचा, सीए अंकुश जैन, राकेश कोचेट्टा, विजयेन्द्र फांफरिया, यश बाफना,भविक संचेती विनोद शर्मा, रमेश ब्रिजवानी, मुकेश भादविया, सचिन पाटनी सहित बडी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव सकल जैन समाज ने मनाया

- जिला चिकित्सालय, अपना घर और वात्सल्यधाम में दी सेवाएं




**मंदसौर।** नगर में भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव के पंच दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला में सकल जैन समाज द्वारा महोत्सव के दूसरे दिन को 'अनुकंपा दिवस' के रूप में अत्यंत श्रद्धा और सेवा भाव के साथ मनाया गया। सेवा की इसी कड़ी में समाज के सदस्यों ने सबसे पहले जिला चिकित्सालय के गायनिक विभाग पहुँचकर मानवता की सेवा का संकल्प दोहराया और विभिन्न सेवा प्रकल्पों के माध्यम से जरूरतमंदों की सहायता की।

सेवा का यह कारवां यहीं नहीं रुका, बल्कि समाजजनों ने निराश्रित बालगृह 'अपना घर' और वृद्धाश्रम 'वात्सल्यधाम' जैसे सेवा केंद्रों में भी उपस्थित होकर निस्वार्थ भाव से अपनी सेवाएँ अर्पित कीं। सेवा कार्यों के दौरान समाज को संबोधित करते हुए सकल जैन समाज के अध्यक्ष लोकेंद्र जैन 'गोटावाला' ने कहा कि भगवान महावीर का 'जियो और जीने दो' का सिद्धांत केवल शब्दों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि यह हमारे आचरण में झलकना चाहिए। आज का यह 'अनुकंपा दिवस' हमें याद दिलाता है कि वास्तविक धर्म वही है जो पी?ित की सेवा में लगाया जाए। श्री गोटावाला ने आगे कहा कि मन्दसौर का सकल जैन समाज सदैव सेवा कार्यों में अग्रणी रहा है और जिस प्रकार आज युवाओं और महिलाओं ने मिलकर जिला चिकित्सालय, अपना घर और वात्सल्यधाम में अपनी सेवाएं दी हैं। जो सिद्ध करता है हमारी नई पीढ़ी भी भगवान महावीर के बताए दया और अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिए पूरी तरह तत्पर है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि इस पाँच दिवसीय उत्सव के हर पल को हम आत्म-कल्याण और लोक-कल्याण के भाव से जिएं।

कार्यक्रम में सकल जैन समाज महामंत्री शेखर कासमा, कोषाध्यक्ष अनिल नगरी वाले, युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष पीयूष नलवाया, कांतिलाल रात?िया, अशोक जैन चयन, शैलेन्द्र जैन गोटावाला, आदिश जैन थम्बावाला, नितिन जैन थम्बावाला, डॉ. आशीष खिमेसरा एवं सीए अंकुश जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। सेवा के इन कार्यों में महिला शक्ति का भी भरपूर सहयोग रहा, जिसमें महिला प्रकोष्ठ की महामंत्री विनाली मेहता, शिक्षा मंत्री डॉ. ज्योति खिमेसरा, सहमंत्री अतिका रंगवाला, श्रीमती सोनिया मारू, श्रीमती प्रतिभा तरवेचा, श्रीमती सीमा जैन, श्रीमती सुरभि जैन और श्रीमती मधु कासमा सहित समाज की अनेक मातृ शक्तियों ने सक्रिय भागीदारी कर अनुकंपा दिवस को सार्थक बनाया।

## जनहित सर्वोपरि : नगरपालिका के 500 करोड़ के बजट पर कांग्रेस की कड़ी नजर : गुर्जर

**मंदसौर।** मंदसौर नगर पालिका के लगभग 500 करोड़ रुपये के आगामी बजट को लेकर आज कांग्रेस पार्षद दल की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय में

आयोजित की गई। बैठक की मुख्य अगुवाई जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री महेन्द्र सिंह गुर्जर ने की, जिसमें विधायक विपिन जैन भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में शहर के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए आम जनता की मूलभूत सुविधाओं—पेयजल, स्वच्छता, सड़क, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सेवाओं—को प्राथमिकता दिलाने पर गंभीर चर्चा की गई। बैठक में शहर की सड़कों की खराब स्थिति, अधूरे विकास कार्यों एवं निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर भी गंभीर चिंता व्यक्त की गई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर ने कहा कि बजट राशि के उपयोग में पूर्ण पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता या भ्रष्टाचार की गुंजाइश न रहे। कांग्रेस इन मुद्दों पर सतत निगरानी रखेगी और आवश्यकता पड़ने पर जनहित में आवाज बुलंद करेगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर ने यह भी कहा कि नगरपालिका में भाजपा की परिषद होने के बावजूद कांग्रेस जनहित के मुद्दों पर मजबूती से अपनी आवाज उठाएगी और यह सुनिश्चित करेगी कि बजट केवल कागजों तक सीमित न रहकर वास्तव में जनता की जरूरतों के अनुरूप लागू हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस हर स्तर पर जवाबदेही तय करने के लिए प्रतिबद्ध है और मंदसौर के समग्र विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। विधायक विपिन जैन ने भी जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया और कहा कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है।

**एक नजर** — उमड़ा आस्था का जन सैलाब, श्री रामजी की झांकी रही विशेष आकर्षण का केंद्र

# रामनवमी पर्व पर नीमच सिटी में निकली विशाल श्रीराम शोभायात्रा



**नीमच।** सनातन के पावन पर्व श्री रामनवमी श्री राम जन्मोत्सव के अवसर पर नगर में विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। यह गरिमामय चल समारोह बालाजी कुड़ी हनुमान मंदिर नीमच सिटी से ढोल नगाड़ा के साथ मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जी भगवान की आरती से प्रारंभ होकर नीमच सिटी नगर के प्रमुख मार्गो से निकला।

आयोजन बालाजी कुड़ी नीमच सिटी के तत्वाधान में समस्त नगर वासियों द्वारा किया गया इसमें पूरे नगर को राममय बनाने का अभिनव प्रयास किया गया। यात्रा नीमच सिटी बालाजी कुड़ी से प्रारंभ होकर कोर्ट मोहल्ला, माहेश्वरी मोहल्ला ,नीमच सिटी होते हुए पुन: बालाजी कुड़ी मंदिर पर पहुंचकर पूजा अर्चना एवं आरती में परिवर्तित हो गई। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम आयोजन समिति के अनुसार विगत कई वर्षों से यात्रा का आयोजन किया जा रहा है प्रतिवर्ष नगर वासियों का उत्साह बढ़ रहा है। संपूर्ण यात्रा मार्ग को भगवा रंग में रंगने का अनुपम प्रयास किया गया है नगर के विभिन्न स्थानों पर स्वागत मंचों से नगरवासीयों ने शोभायात्रा का पुष्प वर्षा व आरती कर स्वागत किया गया। इस शोभा यात्रा में बालाजी आर्ट के मुकेश माली द्वारा तैयार की गई झांकियों में भगवान श्री रामजी ,हनुमान जी , मुषकराज गणेश रथ ,राधा कृष्ण नृत्य महारास, की आकर्षक सजीव झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रही इसके साथ ही भजन कीर्तन डीजे साउंड बैण्ड बाजे, नासिक और झाबुआ के ढोल नगाड़े,पारंपरिक अखाड़े, गोरिल्ला ,हनुमान कार्टून एवं धार्मिक प्रस्तुतियां यात्रा की भव्यता को और बढ़ा रही थी श्रद्धालु हाथों में केसरिया ध्वजा लेकर जय श्री राम की जय घोष के साथ पूरे नगर को भक्ति मय बना रहे थे। डीजे पर रामजी की निकली सवारी रामजी की लीला है न्यारी, हर घर में एक ही नारा एक ही राम, मेरे भारत का बच्चा-बच्चा बोलेगा जय जय श्री राम आदि भजनों की स्वर लहरियां बिखर रही थी। उल्लेखनीय है कि शोभायात्रा के मध्य विधायक दिलीप सिंह परिहार मंडल अध्यक्ष दारा सिंह यादव क्षेत्रीय पार्षद रामचंद्र धनगर, मनीष चौरसिया, दुर्गा शंकर भील, शैलेंद्र गर्ग, राजेश बैरागी, सुनील कटारिया, रामुजी एवं राजपूत समाज सहित विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया साथ ही संत महात्माओं का भी समागम रहा। उनके सानिध्य में श्रद्धालुओं ने इस भव्य आयोजन का दर्शन लाभ प्राप्त किया।